प्रादेशिक समाचार
दिनांक–09.11.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य में 13 नवम्बर को होने वाले पहले चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार जोरों पर, एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं ने झोंकी ताकत।
2. भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छतरपुर में जनसभा को किया सम्बोधित, कहा– झामुमो, कांग्रेस और राजद गठबंधन की सरकार देश की सबसे अधिक भ्रष्ट।
3. आयकर विभाग ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निजी सचिव और उनसे जुड़े लोगों के कई ठिकानों पर एक साथ की छापेमारी, कांग्रेस का आरोप– आइटी और ईडी का दुरूपयोग कर रही भाजपा, पार्टी ने नकारा।
4. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल बोकारो और गुमला में चुनावी जनसभा को करेंगे संबोधित, रांची में रोड शो का भी होगा आयोजन।

******************

पहले चरण के मतदान की तारीख निकट आने के साथ ही चुनाव प्रचार में तेजी आती जा रही है। इसे देखते हुए एनडीए और इंडी गठबंधन के नेताओं ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। दोनों गठबंधन के नेता मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए राज्य भर में तूफानी दौरे कर रहे हैं। इस कड़ी में आज भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह, राजनाथ सिंह, शिवराज सिंह चौहान, जेपी नड्डा और हिमंता बिस्वा सरमा की कई विभिन्न जगहों पर कई चुनावी सभाएं हो रही हैं। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा आज रांची में डॉक्टरों के साथ संवाद भी करेंगे। इधर, कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आज धनबाद के बाघमारा और जमशेदपुर में चुनावी सभाएं हैं। वहीं, झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची, सरायकेला–खरसावां और मान्डर विधानसभा के निर्वाचन क्षेत्रों में अनेक सभाओं को संबोधित करेंगे। राष्ट्रीय जनता दल, ऑल झारखण्ड स्टूडेंट्स यूनियन और वामपंथी दलों के नेता भी राज्य के विभिन्न भागों में चुनावी रैलियों को संबोधित कर रहे हैं। मतों की गिनती इस महीने की 23 तारीख को की जाएगी।

******************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि झारखंड की वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद गठबंधन की यह सरकार देश में सबसे अधिक भ्रष्ट है। श्री शाह आज पलामू के छतरपुर में चुनावी जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार आने पर भ्रष्टाचार में शामिल नेताओं को जेल भेजा जाएगा। श्री शाह ने कांग्रेस पर पिछड़ा विरोधी होने के भी आरोप लगाए।

श्री शाह आज हजारीबाग और पोटका विधानसभा क्षेत्रों में भी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इसके अलावा वह जमशेदपुर में रोड शो भी करेंगे।

******************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि राहुल गांधी को राज्य की जनता से क्षमा मांगनी चाहिए। श्री मरांडी आज रांची में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस बयान पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिसमें श्री गांधी ने जल, जंगल और जमीन बचाने की बात कही थी।
इधर, झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया है कि जाति और घृणा, भाजपा का लोकप्रिय ब्रांड है।

******************

आयकर विभाग ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नजदीकी और निजी सचिव सुनील श्रीवास्तव और उनसे जुड़े लोगों के ठिकानों पर आज छापेमारी की है। यह छापेमारी रांची और जमशेदपुर के लगभग नौ जगहों पर चल रही है। आयकर की टीम सीआरपीएफ जवानों के साथ छापेमारी कर रही है। इधर, प्रदेश कांग्रेस के नेता राकेश सिन्हा ने कहा है कि भाजपा आईटी और ईडी का दुरूपयोग कर रही है।

वहीं, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने कहा है कि चुनाव में पैसों के दुरुपयोग की सूचना पर जहां भी एजेंसियों को सबूत मिलते हैं, वहां कार्रवाई होती है।

दूसरी ओर, रांची विधानसभा से झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी महुआ माजी ने आरोप लगाया है कि चुनाव के दौरान भाजपा के लोग तरह–तरह के हथकंडे अपनाएंगे, लेकिन इससे चुनाव के नतीजों पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

******************

विधानसभा चुनाव को देखते हुए बोकारो जिले में एक ओर जहां उम्मीदवारों का तूफानी दौरा जारी है, वहीं जिला प्रशासन भी विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए मतदान बढ़ाने की कोशिश कर रहा है।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उद्योगपति और परोपकारी रतन टाटा के जीवन से यह प्रेरणा मिलती है कि सच्चे नेतृत्व का आकलन किसी की उपलब्धियों से नहीं बल्कि सबसे कमजोर व्यक्ति का ध्यान रखने की उसकी क्षमताओं से होता है। श्री मोदी ने कहा है कि रतन टाटा को इस भौतिक संसार से अलविदा हुए एक महीना बीत चुका है लेकिन उनकी अनुपस्थिति न केवल भारत में बल्कि विश्वभर में समाज के प्रत्येक वर्ग को महसूस हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि रतन टाटा युवाओं के लिए प्रेरणा थे।

******************